हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025

# मेट्रो सिटी

## बनावटी कागजों के आधार पर 10 साल तक स्कूल में नौकरी करने वाली शिक्षिका फरार

**नागपुर.** नागपुर शहर में एक महिला शिक्षिका ने बनावटी कागदपत्रों के आधार पर अनुदानित स्कूल में 10 साल तक नौकरी की. इस मामले के सामने आने के बाद संबंधित शिक्षिका और उसे मदद करने वाले प्रधानाचार्य के खिलाफ हुडकेश्वे पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है. इस घटना में नागपुर शहर के दिघोरी इलाके के सर्वश्री माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय की आरोपी शिक्षिका गौरी गोस्वामी और प्रधानाचार्य राजेश मासुरकर के खिलाफ एसएफएस हाईस्कूल के सहायक शिक्षक हेमंत गाजरे की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है. महिला शिक्षिका ने सरकारी स्कूल में नौकरी पाने के लिए बनावटी कागजों का इस्तेमाल किया, जबकि उसे इस नौकरी का हक नहीं था. इस मामले में प्रधानाचार्य ने भी उसकी मदद की, जिससे उन्हें भी आरोपित किया गया है. पुलिस अब दोनों के खिलाफ जांच कर रही है.

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल विस्तार परियोजना को मिली गति

### > विशेष कार्य समूह का गठन

**नागपुर.**

संपूर्ण विदर्भ और मध्य भारत के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने तथा रोजगार सृजन में सहायक बनने वाली महत्वाकांक्षी भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल विस्तार परियोजना को अब गति मिल रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में इस परियोजना को प्राथमिकता देने के लिए एक विशेष कार्य समूह (टास्क फोर्स) का गठन किया गया है और लंबित कार्यों के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है.जिलाधिकारी और मिहान इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. विपीन इटनकर ने प्रशासनिक स्तर पर बाकी के कामों को तय समय सीमा से पहले पूरा करने के लिए संबंधित सभी विभागों को प्राथमिकता देने




के निर्देश दिए. इस संबंध में मिहान इंडिया लिमिटेड के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में मिहान इंडिया लिमिटेड के योजना सदस्य अनिल कुमार गुप्ता, जीएमआर ग्रुप के कार्यकारी निदेशक एस.जी.के. किशोर, भारतीय वायुसेना के स्टेशन कमांडर शिव कुमार, पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी, वरिष्ठ विमानतल निदेशक अबिद रुही, एमएडीसी के प्रकाश पाटील, मुख्य अभियंता एस.के. चटर्जी, भारतीय विमानतल प्राधिकरण की समन्वय प्रमुख लैली मेरी फ्रांसिस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई कि भारतीय विमानतल प्राधिकरण के तहत आने वाले मिहान इंडिया लिमिटेड क्षेत्र को हस्तांतरित करने के लिए केंद्रीय मंत्रीमंडल की मंजूरी जल्द प्राप्त करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं. संबंधित विभाग इस परिपूर्ण प्रस्ताव को जल्द ही समीक्षा कर अनुमोदन के लिए भेजेंगे. विस्तार परियोजना के तहत, बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विमानतल के अधिसूचित क्षेत्र से निजी वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा. महानगर पालिका द्वारा शुरू की गई बस सेवा अब इस क्षेत्र से नहीं गुजरेगी, इसके लिए स्पष्ट आदेश जारी किए गए हैं. भारतीय वायुसेना द्वारा प्रदान की जाने वाली भूमि पर निर्माण कार्य को तेज करने के साथ-साथ, विद्युत आपूर्ति की उच्च दबाव वाली लाइन के स्थानांतरण को भी प्राथमिकता दी गई है, ताकि परियोजना में कोई अड़चन न आए. डॉ. विपीन इटनकर ने यह भी निर्देश दिए कि एक महीने के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूरा कर कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जाएं. उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक बार कार्य शुरू होने के बाद किसी भी प्रकार की अड़चन न आए, इसके लिए सभी विभागों को तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है. इस महत्वपूर्ण परियोजना को गति देने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपीन इटनकर ने कहा कि सभी विभागीय प्रमुखों को मासिक बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी आपातकालीन निर्णय को तुरंत लिया जा सके.

## आज हल्की ठंडी और आरामदायक दिन का अनुभव

**नागपूर.** नागपूर में आज का मौसम हल्का ठंडा और आरामदायक रहने की संभावना है, जिससे शहरवासी एक सुहावने दिन का अनुभव कर सकते हैं. दिन के दौरान न्यूनतम तापमान करीब 21.8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच सकता है. इससे यह माना जा सकता है कि दिन में हल्की गर्मी महसूस हो सकती है, लेकिन तापमान ज्यादा ऊँचा नहीं रहेगा.दिनभर में औसतन तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने की संभावना जताई जा रही है, जो एक सुखद और ठंडे मौसम का अहसास दिलाएगा.

ऐसे में, खासकर सुबह और शाम के समय बाहर घूमने के लिए मौसम आदर्श रहेगा.इसके अलावा, हवा की गति दक्षिण-पूर्व (SE) दिशा में 6 किमी/घंटा की दर से चलने की संभावना है.

## पुलिस हिरासत में चोर ने खुद को किया घायल

**नागपुर.**

जरिपटका थाने में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जहां चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किए गए एक शातिर चोर ने पुलिस हिरासत में ही खुद को घायल कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार, 22 वर्षीय प्रज्वल शेंडे प्लॉट नंबर 1340, बेझनबाग निवासी नामक यह चोर नागपुर शहर में एक कुख्यात अपराधी है। उसके खिलाफ 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक दिन पहले ही क्राइम ब्रांच यूनिट 5 ने उसे एक चोरी की गाड़ी के साथ घूमते हुए गिरफ्तार किया था और उसके पास से चोरी की दो दोपहिया वाहन भी बरामद किये । पूछताछ में प्रज्वल ने बेझनबाग निवासी फरियादी सूरजकिशन जनबंधु (45) के घर में भी चोरी करने की कबूली दी ।इस चोरी की वारदात में उसके दो अन्य साथियों ने भी मदद की थी जिनकी भी तलाश पुलिस कर रही है। इस कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम ने उसकी निशान देही पर आभूषण और दो दोपहिया वाहन सहित 2,69,200 रुपए का माल बरामद किया था। क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने प्रज्वल को आगे की कार्रवाई के लिए जरिपटका थाने के हवाले किया था।

बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर पुलिस की एक टीम उससे पूछताछ कर रही थी इस दौरान उसने एक तेज धार हथियार से खुद के पेट पर वार कर घायल कर लिया। इस घटना के बाद पुलिस थाने में खलबली मच गई। पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे मेयो अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जांच में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी है।

# गोरेवाड़ा बचाव केंद्र में बाघों और चीतों की मौत के बाद 'एच-5 एन-1' विषाणु की पुष्टि, जांच जारी

**नागपुर.**

नागपुर के गोरेवाडा बचाव और उपचार केंद्र में हाल ही में तीन वाघों और एक बिबट्ये की अचानक मौत ने खलबली मचा दी. इन जानवरों के शवों के अवयवों की जांच के बाद यह पता चला कि उनकी मौत 'एच-५एन-१' वायरस के कारण हुई थी. इस वायरस के कारण उनकी मौत की पुष्टि गोरेवाडा बचाव केंद्र और भोपाळ की एक संस्थाने भी की है. यह भारत में पहली बार हुआ है कि किसी वाघ को इस विषाणू की संक्रमण हुआ है, और इसके कारण वाघ की मौत हो गई. इससे पहले, वाघों में इस वायरस के संक्रमण का कोई रिकॉर्ड नहीं था. हालांकि, यह रहस्य अभी भी बना हुआ है कि वाघों और बिबट्ये को



इस वायरस का संक्रमण हुआ कैसे, और यह विषय अभी भी जांच के तहत है. गोरेवाडा बचाव केंद्र में लाए गए ये तीनों वाघ ताडोबा-अंधारी व्याघ्रप्रकल्प के आसपास के क्षेत्र से लाए गए थे. इन वाघों ने बाहरी इलाके में स्थित गांवों में पालतू जानवरों, जैसे कोंबडियों और अन्य वन्यजीवों को शिकार बनाया था. विशेषज्ञों का मानना है कि इन वाघों ने पहले से ही इस वायरस से संक्रमित कोंबडियों को खाया, जिससे उन्हें भी संक्रमण हो गया. वनमंत्री गणेश नाईक ने चंद्रपूर दौरे के दौरान गोरेवाडा बचाव केंद्र के अधिकारियों को बुलाया और कोंबडी के मांस से इन वाघों को संक्रमण हुआ या नहीं, इसकी सत्यता जांचने का आदेश दिया. इसके साथ ही, अधिकारियों को प्राणीसंग्रहालय से खाद्य सामग्री की जांच कराने के निर्देश भी दिए गए हैं. इस मामले की गहन जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वाघों को वायरस कैसे लगा, और इसके परिणामस्वरूप क्या कदम उठाए जाएंगे. वनमंत्री ने कहा कि इसके बाद क्या निष्कर्ष निकलता है, यह देखने की बात होगी. इस बीच, वनमंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि अन्य जानवरों को इस वायरस से बचाने के लिए उन्हें अलग रखा गया है. प्राणीसंग्रहालय में भी कोंबडी के मांस की आपूर्ति पर सवाल उठाए जा रहे हैं, क्योंकि वहां अलग-अलग प्रजातियों के जानवर हैं और उनका आहार भी अलग है.

## कार ने राहगीर को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**नागपुर.** कोराडी क्षेत्र में एक तेज़ रफ्तार कार ने सड़क पर पैदल चल रहे एक 58 वर्षीय विजय बाबुलाल मालविय नामक व्यक्ति को टक्कर मार दी। यह घटना 3 जनवरी की रात 10 बजे के आसपास महादुला टी पाईंट के एच.डी.एफ.सी. एटीएम के पास हुई। जानकारी के अनुसार इस घटना के समय मालवीय अपनी रोज़मर्रा की दिनचर्या के तहत घर के पास पैदल जा रहे थे, तभी एक अज्ञात ग्रे रंग की अल्टो कार ने उन्हें रौंदते हुए तेजी से पलक झपकते ही मौके से फरार हो गई। कार की टक्कर से मालविय गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तत्काल मेडीकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। घायल विजय बाबुलाल मालविय की हालत गंभीर बनी रही, और इलाज के दौरान 8 जनवरी की सुबह डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# शेयर मार्केट में निवेश के बाद मोटा मुनाफा होने का दिया झांसा

### > चार लोगों से हुई 29 लाख की ठगी

**नागपुर.**

नंदनवन पुलिस थाने में एक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें आरोपी ने एक व्यक्ति और उसके पड़ोसियों से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर भारी रकम हड़प ली। आरोपी ने निवेशकों को 8 प्रतिशत का मुनाफा देने का वादा किया था, लेकिन बाद में न मुनाफा दिया और ना ही निवेश की गई पूरी राशि भी वापस की।

फिर्यादी दीपक मुरलीधर शिवणकर (39) और उनके पड़ोसी सुनिल मदनकर, कमलेश राउत, व्यंकटेश गिरीपुंजे, और निलेश मानकर, सभी न्यू डायमंड नगर, नागपुर के निवासी हैं, आरोपी मनिष दिलीप काटकर (36) है जो उसी इलाके में रहता है, उनकी आपस में बचपन से जान पहचान थी। आरोपी मनीष एक निजी कंपनी में काम करता




है। मनीष ने दीपक को शेयर मार्केट में निवेश करने पर मोटी कमाई होने का झांसा दिया था । और उसके झांसे में आकर दीपक सहित अन्य लोगों ने आरटीजीएस और गूगल पे के जरिए कुल 29,76,283 रुपये निवेश किए थे.

आरोपी ने निवेशकों को 8 प्रतिशत का मुनाफा दिलाने का वादा किया था । आरंभ है आरोपी ने कुछ पैसे वापस भी किया जिसके चलते उन्हें विश्वास हो गया और उन्होंने ज्यादा रकम इन्वेस्ट की।लेकिन बाद में उसने न तो कोई मुनाफा दिया और न ही उनकी रकम वापस की। इससे पीड़ितों ने धोखाधड़ी का शिकार होते हुए नंदनवन पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा ४२० के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है, और पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

**नंदनवन पुलिस स्टेशन**

पोलीस उपनिरीक्षक दळवी के अनुसार, इस मामले में विस्तृत जांच की जा रही है, और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## परिमंडल 3 में पर्यावरण संरक्षण कानून के तहत जब्त संपत्ति की गई नष्ट

**नागपुर.**

महाराष्ट्र पुलिस स्थापना सप्ताह के तहत नागपुर शहर पुलिस द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में परिमंडल ३ अंतर्गत आने वाले सभी थानों में पर्यावरण संरक्षण कानून के तहत दर्ज मामलों में जब्त की गई सामग्री को नष्ट किया गया। नष्ट किए गए इस माल में करीब 126 मामलों में पुलिस द्वारा जप्त किए गए 30 लाख रूपयों के प्रतिबंधित नायलॉन मांझा शामिल है।

जानकारी के अनुसार न्यायालय के आदेश के बाद पाचपावली थाना परिसर स्थित खुले मैदान में रोड रोलर से बुधवार शाम इस सारे माल का नाश किया गया ।

नष्ट किए गए इस माल में मांझा, चक्री, बंडल, पतंग आदि शामिल थे, इन सभी की कुल 30,45,455 रुपये बताई जा रही है। जोन 3 अंतर्गत पांच पावली, तहसील ,शांति नगर, कोतवाली और गणेश पेठ थाना परिसरों में करीब 126 अलग-अलग मामलों में पुलिस ने इस प्रतिबंधित नायलॉन मांजे को पकड़ा था।

इस कार्यवाही के दौरान डीसीपी महक स्वामी, तहसीलदार संतोष खांडरे, सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस कार्रवाई के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने दुपहिया सवार दो लोगों को कुचला, हुई मौत

**नागपुर.** कलमना पुलिस थाना अंतर्गत चिखली फ्लाई ओवर पर ट्रक की टक्कर से दुपहिया सवार रिश्तेदारों की मौत हो गई. मृतक गुलाब तुकाराम भजनकर (53) इंदिरा माता नगर और महादेव विठोबा सहारे (45) कुही है. दोनों पेंटर थे. वह बुधवार दोपहर दुपहिया पर सवार होकर साइट देखने जा रहे थे. कलमना स्थित चिखली चौक से यशोधरा की दिशा में जाते वक्त आरटीओ कार्यालय के सामने ट्रक क्रमांक एम.एच./40/बी.एल./4301 के चालक कुलेश्वर निसार (42) नवेगांव, पारसिवनी ने दुपहिया को टक्कर मार दी.

दोनों को कुचलकर ट्रक चालक अपनी गाड़ी छोड़कर फरार हो गया. दुपहिया चालक भजनकर ने हेल्मेट भी पहना था. ट्रक की चपेट में आने से हेलमेट भी चकनाचुर हो गया था. मेयो अस्पताल पहुंचाने पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया. हादसे का पता चलने पर पुलिस ने ट्रक की खोजबीन आरंभ की. यशोधरा परिसर में लावारिस हालत में ट्रक मिला है। पुलिस अब आरोपी चालक के भी तलाश कर रही है।

## चोरी करते ही धरे गए 2 नाबालिग सगे भाई

### > गर्लफ्रेंड को दिलाना था आईफोन

**नागपुर.**

गर्लफ्रेंड को आईफोन दिलाने के लिए 2 सगे भाइयों ने एक घर में सेंध लगाई. ताला तोड़कर नकद 1.44 लाख रुपये पर हाथ साफ कर दिया. हालांकि इसी बीच पेट्रोलिंग के दौरान कलमना पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया. उनसे चोरी की नकदी भी जब्त की गई. पकड़े गए चोर सगे भाई है. एक की उम्र 17 और दूसरे की 16 वर्ष है.

कामनानगर, ओल्ड कामठी रोड निवासी दिघेश्वर किसनलाल रहांगडाले (36) विगत 6 जनवरी को अपने घर पर ताला लगाकर गांव गए थे. बुधवार को आरोपियों ने घर पर ताला देखा. कंपाउंड वॉल फांदकर भीतर गए. ताला तोड़कर घर की अलमारी में रखे 1.44 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए. गुरुवार को तड़के कलमना के थानेदार प्रवीण काले, सतीश आड़े, एएसआई दीपक धानोरकर, हेड कांस्टेबल रविकुमार शाहू, प्रदीप पवार, संतोष पांडे, मंगेश लोही और संदीप ढाले परिसर में गश्त कर रहे थे.

इसी दौरान दोनों भाई संदेहास्पद स्थिति में घूमते दिखाई दिए. उन्हें आवाज लगाकर रोकने पर उन्होंने भागने का भी प्रयास किया. पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उनके पास 1.43 लाख रुपये बरामद हुए. पुलिस ने नकद के बारे में पूछताछ की तो कामनानगर के एक घर में सेंध लगाने की जानकारी दी. जिसके बाद रहांगडाले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया.

कुछ रकम आरोपियों ने खाने-पीने में उड़ाई थी. पूछताछ में पता चला कि बड़े भाई की गर्लफ्रेंड परिसर में ही रहती है. उसे आईफोन चाहिए था. इसीलिए दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. लेकिन दोनों के खिलाफ पहले भी चोरी के 8 मामले दर्ज हो चुके है.

उन्हें नाबालिग होने का फायदा मिलता है. बालसुधार गृह से भी दोनों जल्दी ही बाहर आ जाते हैं. दोनों को शराब और गांजा पीने की लत है. कलमना पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## क्रेटा कार की चपेट में आकर 2 साल की बच्ची की मौत,

**नागपुर.** कोराडी पुलिस थाना अंतर्गत सुरादेवी के ईट भट्टी परिसर में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ, जिसमें दो साल की बच्ची साधना उईके की क्रेटा कार की चपेट में आकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुरादेवी में कमल इमले और संजू इमले की ईट भट्टी है। अरुण बैशाखु उईके और उनकी पत्नी यहां मजदूरी करते हैं। दोनों भट्टी परिसर में ही रहते थे । बुधवार दोपहर उईके दंपति काम कर रहे थे जबकि 2 साल की बेटी साधना परिसर में ही खेल रही थी।साधना के खेलते वक्त इमले नामक मालिक की क्रेटा कार क्रमांक एम.एच./49/सी.डी./9971 का चालक राजेश हरकू (35) रिवर्स करते हुए अचानक पीछे चला गया। चालक ने पीछे खेल रही बालिका को नजरअंदाज कर दिया, जिसके कारण क्रेटा का बोनट बच्ची से टकरा गया।

हादसे के तुरंत बाद बच्ची को गंभीर हालत में उसी क्रेटा कार से मेयो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोराडी पुलिस ने इस मामले में चालक राजेश हरकू के खिलाफ दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# मोतीबाग नैरो गेज रेल म्यूजियम में स्मारिका स्टाल बनेगा दर्शकों के लिए नया आकर्षण









**नागपुर.**

मोतीबाग स्थित छोटी लाइन रेल संग्रहालय, नागपुर शहर के प्रमुख पर्यटक स्थलों में से एक बन चुका है. यह संग्रहालय न केवल रेल इतिहास से जुड़ी जानकारी प्रदान करता है, बल्कि आगंतुकों को एक अद्वितीय अनुभव भी प्रदान करता है. यहां नैरो गेज भाप और डीजल इंजिन, नैरो गेज कोच, और मालगाड़ी डिब्बे जैसी ऐतिहासिक धरोहरें प्रदर्शित की गई हैं. इसके अलावा, वन्य प्राणियों की आकर्षक प्रतिकृतियाँ जैसे शेर, सांभर, हिरण, चीतल और सारस भी यहाँ लगी हैं, जो बच्चों और वयस्कों दोनों को आकर्षित करती हैं. संग्रहालय में टॉय ट्रेन की जॉय राइड, हरे-भरे लॉन, बच्चों के लिए झूले और अन्य राइड्स का भी आनंद लिया जा सकता है. अब इस संग्रहालय में एक नया आकर्षण जुड़ने जा रहा है - 'स्मारिका स्टाल'. इस स्टाल में एक वातानुकूलित नैरो गेज सवारी डिब्बे को खूबसूरती से सजाया जाएगा, जहां आगंतुकों के लिए रेल विभाग से जुड़ी स्मारिकाओं जैसे रेल इंजन और डिब्बे के मॉडल, की-चेन, फ्रिज मैगनेट, पेंटिंग, टी-शर्ट, कैप आदि बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे. यह स्मारिका संग्रहालय की यादों को संजोने का एक शानदार तरीका होगा. इसके अलावा, आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए एक स्टीम इंजन की आकृति वाला संग्रहालय का साइन बोर्ड कामठी रोड पर लगाया जाएगा, जो 'सेल्फी पॉइंट' के रूप में काम करेगा. यह साइन बोर्ड फाइबर से बना होगा और आगंतुकों के लिए एक यादगार फोटो स्थल बनेगा.

संग्रहालय में खानपान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए देश के एकमात्र रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट को फिर से शुरू करने की योजना बनाई जा रही है. इसके लिए निविदाएं मंगाई गई हैं, ताकि आगंतुकों को बेहतर सुविधा मिल सके.




CMYK

# दत्तवाड़ी में भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ

**वाड़ी.**

गायत्री प्रज्ञा मंडल वाड़ी द्वारा आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा की स्थापना दत्तवाडी में गजानन महाराज मंदिर परिसर में बनाए गए भव्य दिव्य मंडप में की गई संत गजानन महाराज की पालकी शोभा यात्रा निकाली गई.



शांतिकुंज हरिद्वार के कथावाचक योगीराजी बाल्की और उनके दल ने दिव्य मंत्रों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया और सैकड़ों कलशधारी महिलाएं और पुरुष ध्वज लेकर दत्तवाडी क्षेत्र के सत्य साईं सोसायटी, इंद्रायणी सोसायटी, त्रिलोक नगर, वेना नगर, मारोती नगर, सुरक्षा नगर, सदाचार सोसायटी के आसपास एकत्र हुए और भव्य कलश यात्रा निकाली गई.

कलश यात्रा के दौरान संत गाडगे बाबा, प्रभु रामचन्द्र, सीता माता, हनुमान, गायत्री माता, भारत माता आदि की वेशभूषा वाले पात्र आकर्षक थे। कथा का शुभारंभ श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण ग्रंथ की पत्नी सपना एवं मधु मानके पाटील द्वारा पूजन किया गया.

### सक्रिय महिला मंडल की उपस्थिति रही

**कार्यक्रम में मुख्य रूप से गायत्री शक्ति पीठ के प्रबंधक प्रेम सिंह बैस सहित प्रज्ञापीठ नागपुर के सक्रिय महिला मंडल की उपस्थिति रही। दीपक बीड़वाइ,बंदु मेश्राम, निर्मल राऊत, सुरेखा रिंकी, गणेश सालोढ़े, अनिता रावलकर, घनश्याम शर्मा और मंडल के कई कार्यकर्ता अगले 5 दिनों तक इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।**

# सोनबा नगर के पेंट गोदाम में भीषण आग

**वाड़ी.**



सोनबा नगर की जेतवन कॉलोनी के पास स्थित एनर्जी पेंट एंड पुटिंग नामक गोदाम में भीषण आग लग गई। इस घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन गोदाम में काम कर रहे कर्मियों ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। घटना के समय गोदाम में एक मालिक, एक महिला कर्मी और एक पुरुष कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद थे।आग लगने के तुरंत बाद दमकल विभाग को सूचित किया गया। खबर लिखे जाने तक मौके पर छह दमकल गाड़ियां पहुंच चुकी थीं, लेकिन देर रात तक आग पर पूरी तरह से काबू पाना मुश्किल हो रहा था। घटना में एक कर्मी को मामूली चोटें आईं.

जिसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. आग के कारण गोदाम में रखे पेंट और अन्य सामग्रियों के नष्ट होने की आशंका जताई जा रही है. गोदाम में रासायनिक कच्चा माल, 200 लीटर बैरल, एमटीओ, कलर पिगमेंट, कैल्शियम, रायसियाम, टारपेनटेल का माल भरा हुआ था।



गोदाम के मालिक राहुल रामराज दुबे, राजू शाह, और श्याम सुंदर पांडेय हैं। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. दमकल विभाग और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मौके पर वाडी नगर परिषद, एमआईडीसी दमकल, कमलेश्वर दमकल, वानाडोंगरी दमकल मौजूद थे. घटनास्थल पर वाडी पिआई राजेश तटकरे, पीएसआई बंडगर आदि मौजूद थे. आगे की जांच पीआई राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में जारी है.

# सामाजिक संगठन एकता फाउंडेशन की कार्यकारिणी घोषित

**नागपुर.**

एकता फाऊंडेशन सामाजिक संगठन की कार्यकारणी नियुक्ति समारोह नागपुर शहर में रवि भवन में रविवार को की गई। इस मौके पर सक्रिय पदाधिकारीयों को क्रांति ज्योती शिक्षण सम्राट सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 एकता फाउंडेशन संस्थापक अध्यक्ष डॉ जे संजय रामटेके के हस्ते प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस मौके पर तेजस बहुउद्देशीय संस्था संस्थापक अध्यक्ष पूर्व सैनिक चंद्रशेखर अरगुलेवार, नागपुर शहर पूर्व पुलिस रमेश कन्हेरे प्रमुखता से उपस्थित रहे.





जिसमें कोर कमेटी के सदस्य डॉ.मनीष ठाकरे, सदस्य आतिश कटारे, सदस्य अश्विन अंजीकर, सदस्य अमित हुमणे, राष्ट्रीय सचिव राजकुमार रामटेके, महाराष्ट्र प्रदेश के अध्यक्ष अमित दुबे, प्रदेश प्रभारी गणेश लिमजे, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य योगेश नासरे, प्रदेश प्रभारी शाहिर डॉ राजेन्द्र बावनकुळे, नागपुर जिला प्रभारी अमोल रामटेके, जिला प्रभारी जावेद बेग, जिला प्रचारक प्रदिप भालेराव, जिला समन्वयक सुरेन्द्र मेश्राम, जिला सचिव सुचिता अनभोवरे, जिला सचिव बब्बु खान, नागपुर शहर प्रभारी सीताराम शाहु, शहर संपर्क प्रमुख अज्जु खान, शहर प्रचारक श्याम शुक्ला, शहर उपाध्यक्ष डॉ. तेजश्री उपाध्याय, शहर सचिव तसनीस शेख, शहर सचिव आफिया खान, शहर प्रचारक राकेश निखारे, शहर सचिव मनिष सोमकुवर, शहर मिडिया प्रभारी क्षितिज जांभोलकर, शहर मिडिया प्रभारी समीर खान, शाहरुख मिर्जा शहर सह सचिव, शहर सह सचिव सोहेल मिर्जा समावेश है.

# वर्धा के वैकुंठधाम में जंगलराज



**वर्धा.**

यह त्रीकाल सत्य है कि एक बार मनुष्य का जन्म हो जाता है तो उसकी मृत्यु अवश्यं होती है। जीवन में मनुष्य को अनेक कष्टों का सामना करना पड़ता है, जीवन भर संघर्ष करने के बाद अंतिम क्षणों में उसे मृत्यु का सामना करना पड़ता है और एक दिन उसकी मृत्यु हो जाती है। लेकिन आज भी कई जाति धर्मों में अंतिम संस्कार किए गए मृत व्यक्ति को जमीन में गाड़ दिया जाता है, जिसे हम दफन संस्कार कहते हैं। और ये सभी रस्में इसी जगह पर निभाई जाती हैं जिसे कब्रिस्तान कहा जाता है।

1884 में, स्वतंत्रता-पूर्व युग में, अंग्रेजों ने वर्धा शहर से सटे एक कब्रिस्तान के लिए जगह प्रदान की, उस स्थान पर आज तक कई धर्मों के लोगों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है।

इसे वर्धा में नारायण राव के बगीचे के नाम से जाना जाता है। आजादी के बाद वर्धा नगर परिषद के गठन के बाद से श्मशान घाट वर्धा नगर परिषद के नियंत्रण में आ गया, जिसके बाद श्मशान में कई विकासात्मक कार्य किए गए, लेकिन श्मशान के सामने लगभग दो एकड़ जमीन हिंदुओं के दफन के लिए आरक्षित कर दी गई। . 1884 से उस स्थान पर दफ़न किया जा रहा है, लेकिन आज उस स्थान पर एक बड़ा जंगल बन गया है और सवाल उठता है कि मृतक को कहाँ दफ़नाया जाए, इसलिए नागरिक सड़क के किनारे दफ़न करते हैं, लेकिन उचित रखरखाव के अभाव के कारण वहां पर मृत हंसों और जंगली पौधों को दफनाया जाता है, जिससे मृत व्यक्तियों के शव क्षत-विक्षत हो जाते हैं और शरीर के कई अंग अन्यत्र पड़े रहते हैं, इस पर नगर परिषद को ध्यान देना आवश्यक है जंगल साफ कर उस स्थान पर सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिए, ऐसी मांग शिव बहुउद्देशीय संस्था वैकुंठधाम के अध्यक्ष रामू सुओदोर ने की है.

# बजाज 5 एनर्जी एफिशियंट वॉटर हीटर करेंगे बिजली की बचत

**नागपुर.**

सर्दियों में खासकर नहाने के लिए गर्म पानी के कारण बिजली का खर्च बढ़ जाता है. इसलिए बजाज एनर्जी एफिशियंट वॉटर हीटर लेकर आया है, जो सर्दियों में बिजली का बिल बढ़ने नहीं देंगे. ये वॉटर हीटर ज्यादा बिजली खर्च किए बिना गर्म पानी प्रदान करते हैं. बजाज के ये वॉटर हीटर सर्दियों में बिजली की बचत करते हुए किफायती मूल्य में आपको गर्म पानी का आराम देने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं.




इसलिए चाहे आपको देर तक हॉट शॉवर लेना हो, या फिर जल्दी से वॉश करना हो, ये मॉडल टिकाऊपन और किफायत के साथ आपकी विभिन्न जरूरतों को पूरा करते है. सर्दियों के लिए बजाज के सर्वोत्तम वॉटर हीटर मॉडल दिए गए हैं. बजाज ईटरनल सीरीज़ पेंटेकल डिजी 15लीटर डिजिटल प्रेसिज़न के साथ स्मार्ट वॉटर हीटर पेंटेकल डिजी केवल बाहर से ही स्मार्ट नहीं है, बल्कि अंदर से भी स्मार्ट है. डिजिटल टेंपरेचर कंट्रोल के साथ इस गीजर में ड्युराएस टैंक है, जो मैरीन-ग्रेड की ग्लास लाईनिंग कोटिंग के साथ बनाया गया है, जो इसे जंग से सुरक्षा प्रदान करके सालों तक भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करता है.

बजाज आर्मर सीरीज़ कॉन्टेंपो स्टाईलिश पैकेज में ज्यादा तीव्र हीटिंग, बजाज एंड्योर सीरीज़ ग्रेसियो स्टोरेज वॉटर हीटर स्टाईलिश एवं प्रभावशाली वॉटर हीटर, बजाज शील्ड सीरीज़ इमोर्टो स्टोरेज वॉटर हीटर - लंबे समय तक चले, बजाज शील्ड सीरीज़ क्रेस्ट प्लस वॉटर हीटर हर घर के लिए जरूरी एफिशियंसी मॉडल उपलब्ध है.

# एसएस गर्ल्स महाविद्यालय में साहित्यिक कार्यक्रम

## > वाचक और लेखक परिसंवाद आयोजित

**गोंदिया.**

एसएस गर्ल्स महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा आयोजित एक साहित्यिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने साहित्य और लेखन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि रमेश शर्मा, माणिक गेड़ाम और डॉ. निशा भुरे जैसे प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए [1]। रमेश शर्मा ने साहित्यिक लेखन कौशल पर चर्चा की और बताया कि कैसे अच्छे पाठक बनने से अच्छे लेखक बनने में मदद मिलती है। श्री माणिक गेड़ाम ने साहित्य के उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे एक अच्छा लेखक बनने के लिए डिजिटल युग में अनुकूलन करना आवश्यक है। डॉ. निशा भुरे ने विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण सोच क्षमता पर जोर दिया और बताया कि कैसे अध्ययन के दौरान अवलोकन विधि में सुधार करने से बेहतर समझ और विश्लेषण क्षमता विकसित होती है।



इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अर्चना जैन और पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजश्री डी. वाघ के मार्गदर्शन में किया गया था। कु. श्रुति उके ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया, जिसमें डॉ. इंदिरा बुद्धे और डॉ. उज्ज्वला वंजारी का सहयोग था। पुस्तकालय कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था, जो 8 से 9 जनवरी 2025 तक सभी के लिए खुली थी।

# कल चेतना मंच ने किया चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**कामठी.**

युवा चेतना मंच एवं भारत सरकार सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा रणाला स्थित विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर में दोपहर 2 बजे कल शनिवार 11जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर "पर्यावरण" विषय पर एक भव्य चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में आयु समूह 5 से 10 तथा आयु समूह 11 से 20 वर्ष तक है. पेपर शीट आयोजक से उपलब्ध होगी. उपरोक्त दोनों ग्रुप में प्रतियोगियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिये जायेंगे. रंगोली प्रतियोगिता मे कोई आयु सीमा नहीं हैं. प्रतियोगी को रंगोली लाना अनिवार्य रहेगा. इसमे भी प्रथम, व्दितीय, तृतीय पुस्कार से सम्मानित किया जाएगा. नियम के अनुसार ज़ेरॉक्स के साथ आधार कार्ड अनिवार्य है. निम्नलिखित फ़ोन नंबरों पर पंजीकरण करना अनिवार्य रहेगा - पराग फ़्लैट -9970102246 अक्षय खोपे -7020145669 अमोल नागपुरे- 9850601216 मयूर गुरव - 7620677705 बाबी महेंद्र - 8956502121 नम्रता एडवांस - 8999896957 भावना फ्लैटा - 8421682800 प्रीति हिवरेकर -7798137620 में आज शुक्रवार 10 जनवरी शाम 6 बजे रजिस्ट्रेशन तक किया जा सकता है. प्रतियोगियों को समय पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा.




# नागपुर शहर यातायात विभाग की मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ विशेष अभियान

**नागपुर :**

शहर में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर दोपहिया वाहन चलाने से होने वाली कर्णकर्कश आवाज के कारण वृद्ध नागरिकों और अन्य नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस मुद्दे को लेकर यातायात विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं. इसके बाद नागपुर शहर यातायात विभाग ने 5 जनवरी 2025 से 9 जनवरी 2025 तक मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ विशेष अभियान चलाया. इस अभियान के दौरान, मोडिफाइड साइलेंसर लगे कुल 440 दोपहिया वाहनों को जब्त किया गया और उन पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 190 (2) और 198 के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही, जब्त किए गए मोडिफाइड साइलेंसर को निकालकर उसकी जगह ओरिजिनल साइलेंसर लगवाए गए और मोडिफाइड साइलेंसर को निष्क्रिय कर दिया गया. यातायात विभाग ने स्पष्ट किया कि इस अभियान के बाद भी अगर मोडिफाइड साइलेंसर लगे दोपहिया वाहन और उनके चालक पाए गए, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी. नागपुर शहर यातायात विभाग द्वारा यह अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही मानी जा रही है.

# बाल शास्त्री जांभेकर की जयंती मनाई

**खापरखेड़ा.**

मराठी पत्रकारिता के जनक आचार्य बालशास्त्री जांभेकर की जयंती हाल ही में अखिल भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ संलग्न खापरखेड़ा पत्रकार संघ की ओर से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में पत्रकार बंधुओं ने आचार्य बालशास्त्री जांभेकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और द्वीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से अभिवादन किया। इस दौरान पत्रकारों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए।खापरखेड़ा के वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गजभिये को नासिक में आयोजित कार्यक्रम में "राष्ट्रीय कर्मयोगी पुरस्कार 2025" प्राप्त करने पर खापरखेड़ा पत्रकार संघ की ओर से शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया.



कार्यक्रम का संचालन वैभव काकडे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन दिलीप गजभिये ने किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के प्रदेश संघटक अरुण महाजन, पत्रकार संघ के नागपुर जिला अध्यक्ष दिलीप गजभिये, जिला मानद सदस्य ओमप्रकाश साद, जिला विधि सलाहकार एड. प्रदीप खांबलकर, खापरखेड़ा पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुधीर फेंडर, पूर्व अध्यक्ष शैलेश ढोरे, आकाश राऊत, वैभव काकड़े, मयूर तिरपुडे, सुशील सहारे, राजू मेश्राम समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

कार्यक्रम में आचार्य बालशास्त्री जांभेकर के योगदान को याद करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके दृष्टिकोण और उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहा गया.

# मोटरसाइकिल से भिड़ा ट्रैक्टर, दो की मौत

**उमरेड.**

उमरेड पुलिस थाना अंतर्गत उमरेड-सिर्सी मार्ग पर सिल्लेपार में मोटरसाइकिल से जा रहे दो मित्रों को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी. इससे मोटरसाइककिल पर सवार दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. घटना मंगलवार शाम के दौरान घटी. मृतक मंगेश आशीर्वाद भोयर (31) व किसन शांताराम जुंबाले (32) दोनों नांद निवासी है. घटना के दिन दोनों कुछ सामान खरीदकर मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच-40/बीएन- 1565 से नांद की ओर आ रहे थे.



### ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज

सिल्लेपार फाटा के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक एमएच-40/बीजे-9729 ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों नीचे गिर पड़े. उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. ट्रैक्टर प्रशांत नामदेव भोयर का बताया जा रहा है. उमरेड पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.

# खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर नाम रोशन करना चाहिए : संकेत बावनकुले

**कामठी.**

कबड्डी एसोसिएशन और रेणुका क्रीड़ा मंडल अजनी के तत्वावधान में विश्वरंजन सभागार में आयोजित स्नेह मिलन एवं खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में मार्गदर्शन करते हुए नागपुर जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष संकेत बावनकुले ने ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने और खेलों में नवीनता हासिल करने और अपना और अपने गांव का नाम रोशन करने का आव्हान व्यक्त किया है.

कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए संकेत बावनकुले ने कहा कि हम सदैव कबड्डी की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयासरत रहेंगे उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से अच्छी गुणवत्ता वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह कबड्डी सहित अन्य खेलों का स्तर बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग देंगे.

कार्यक्रम की शुरुआत नागपुर जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष संकेत बावनकुले ने दीप प्रज्ज्वलित कर और वीर बजरंग बली की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर की.

नागपुर जिला ग्रामीण कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पर संकेत बावनकुले को कबड्डी खिलाड़ियों की ओर से शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया. साथ ही रेणुका क्रीडा मंडळ अजनी की



राष्ट्रीय खिलाड़ी आरती दिगंबर वैद्य का भी अतिथियों के हस्ते शाल, श्रीफळ, पुष्पगुच्छ प्रदान कर सत्कार किया गया. वहीं अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया.

इस मौके पर भाजपा के ज़िला महामंत्री व ज़िला परिषद पूर्व सदस्य अनिल निधान, कामठी तालुका भाजपा अध्यक्ष व पंचायत समिति सदस्य उमेश रडके , गादा के सरपंच सचिन डांगे, लिहिगांव के पूर्व सरपंच गणेश झोड, पवनगांव पूर्व सरपंच किरण राऊत, उमेश मस्के, ब्रह्माजी काळे, राष्ट्रीय खिलाड़ी रवींद्र रडके, अनिल जालंदर, बंटी सलाम, विजय ताटे, पूर्व नगरसेवक प्रतीक पडोळे, राष्ट्रीय खिलाड़ी अलका शेळके, राहुल शेळके, राजू देवकर, अजनी के पूर्व सरपंच प्रभाकर देशमुख, नीरज रडके, घनश्याम मामा चकोले ,गजेंद्र वाट सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें. कार्यक्रम की प्रस्तावना राहुल शेलके ने की, संचालन घनश्याम चकोले मामा ने किया और आभार प्रदर्शन एस. धांडे ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागपुर जिले के खिलाड़ी शामिल हुए.

# कब पूरी होगी इंटरसिटी स्टॉपेज की 15 वर्ष पुरानी मांग

## > मंडल रेल प्रबंधक के सालेकसा आगमन पर नागरिकों ने समस्याओं से कराया अवगत

**सालेकसा (गोंदिया).**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित तहसील मुख्यालय के सालेकसा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस को स्टॉपेज दिए जाने की मांग क्षेत्र के नागरिक 15 वर्षों से लगातार करते आ रहे है। इस संबंध में रेल अधिकारियों के साथ-साथ सांसदों एवं जनप्रतिनिधियों को भी अनेक बार निवेदन सौंपे गए। लेकिन नागरिकों के हाथ निराशा ही लगी है। अब नए मंडल रेल प्रबंधक ने कुछ दिनों पूर्व ही पदभार संभाला है, तो क्या अब सालेकसावासियों की 15 वर्ष पुरानी यह मांग पुरी होगी? यह सवाल नवनियुक्त मंडल रेल प्रबंधक दीपककुमार गुप्ता के 6 जनवरी को सालेकसा रेलवे स्टेशन के दौरे के दौरान स्थानीय नागरिकों ने उनसे किया। साथ ही क्षेत्र की रेल संबंधी समस्याओं से उन्हे अवगत कराया एवं रेल यात्रियों के लिए सुविधाओं के विस्तार की मांग की।

नागरिकों ने उन्हे बताया कि सालेकसा तहसील में 91 गांव, 42 ग्राम पंचायत एवं 1 नगर पंचायत होने के साथ-साथ अनेक शासकीय कार्यालय तथा शाला महाविद्यालय है। छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की सीमा से सटे होने के कारण तहसील के नागरिकों के लिए मुंबई-हावड़ा की ओर जाने-आने के लिए सालेकसा ही उपयुक्त स्टेशन है। विगत 15 वर्षों से सालेकसा स्टेशन पर नागपुर-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग की जा रही है। लेकिन यह मांग अब तक पुरी नहीं हुई। इंटरसिटी एक्सप्रेस को जिन स्टेशनों पर स्टॉपेज दिए गए है। उनमें अधिकतर तहसीलस्तरीय स्टेशन है। लेकिन सालेकसा तहसील होने के बावजूद यहां स्टॉपेज नहीं दिया गया। इसके अलावा सालेकसा रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक कोच डिस्प्ले सिस्टम लगाने, सभी प्लेटफार्म पर यात्री शेड बनाने, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था और सभी प्लेटफार्मों पर प्रकाश की व्यवस्था के साथ-साथ बुकिंग ऑफिस की नई ईमारत तक नया फुट ओवर ब्रिज बनाने, एलसी क्र. 487 पर ओवर ब्रिज अथवा अंडर पास बनाने, स्टेशन पर एटीवीएम मशीन देने के साथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए चोविसों घंटे सुरक्षा रक्षक तैनात किए जाने की मांग की गई।

### सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

सालेकसा रेलवे स्टेशन पर तत्काल आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस संबंध में निवेदन सौंपते समय बृजभूषण बैस, सुनील असाटी, बाजीराव तरोने, विक्की भाटिया, विजय फुंडे, मायकल मेश्राम, शुभम जैन, राजेंद्र टेंभरे, नीरज अग्निहोत्री, विक्रम बैस, आरती शर्मा, अनिता पाथोडे, मीना बावनकर, मंजू हेमने, सीमा बैस, छाया गभने, द्रौपदी बावनथडे सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

## महिला के पर्स से 50 हजार की चोरी

**हिंगनघाट.**

शहर के बस स्थानक पर एक महिला से बस में सवार होने के दौरान अज्ञात चोर ने उसका पर्स चुरा लिया। महिला के पर्स में 50हजार नगद और 8 हजार रुपये कीमत के सोने के गहने थे, जिससे कुल मिलाकर 58 हजार का मुद्देमाल चोरी हुआ। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुभांगी तुराले निवासी सोनेगाव राऊत, जो कि श्रीकांत राऊत से खेत के मक्ते के 50 हजार रुपये लेकर वरोरा जाने के लिए हिंगणघाट आई थीं, बस स्टेशन से बस में सवार हो गईं। जब वह टिकट निकालने के लिए अपनी थैली खोली तो पाया कि उनका पर्स चोरी हो चुका था। इस मामले में महिला ने हिंगनघाट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच जारी है।

## एल्युमिनिक एसोसिएशन द्वारा परिसंवाद का आयोजन



**हिंगनघाट.**

मातोश्री आशाताई कुणावार महिला महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग और एल्युमिनिक एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से एक परिसंवाद का आयोजन किया गया। परिसंवाद कार्यक्रम में मार्गदर्शक के रूप में सीए सुयश रांका और सीए आरती रांका उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता मातोश्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश तुलसकर और प्रमुख उपस्थिति डॉ. सपना जयस्वाल की थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और प्रतिमा पूजन से की गई।

वाणिज्य विभाग की प्रमुख प्रा. वैशाली तडस ने अपने उद्घाटन भाषण में क्रांति ज्योती सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस और बालिका दिवस पर विचार रखे और कार्यक्रम का उद्देश्य विस्तार से बताया।

अध्यक्षीय भाषण में डॉ. उमेश तुलसकर ने विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान विशेष कौशल आत्मसात करने की आवश्यकता की बात की। सीए सुयश रांका ने पीपीटी के माध्यम से वाणिज्य से संबंधित विभिन्न कार्यक्षेत्रों की जानकारी दी और विद्यार्थियों को यह अवसर दिया कि वे उनकी मार्गदर्शन में काम कर सकते हैं। वाणिज्य और प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है, क्योंकि इससे उन्हें भविष्य में नौकरी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। सीए आरती रांका ने विद्यार्थियों को स्वयं प्रेरित होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन प्रा. निशा बसंतानी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कु. एरणे ने किया। इस कार्यक्रम को प्रा. मयूर गांधी, प्रा. निकिता पिंपळशेंडे और प्रा. गणेश लाडे का भी सहकार्य प्राप्त था।

## सावित्रीबाई फुले जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**वर्धा.**

सालोड (हीरापुर) में आद्य शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर डॉ. रंजना शर्मा एवं प्राचार्य अख्तरीबानो शेख द्वारा माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर रंजना शर्मा ने कहा, "सावित्रीबाई ने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया कि शिक्षा महिलाओं की मुक्ति और सामाजिक सुधार का मुख्य साधन है। प्राचार्य अख्तरीबानो शेख ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "विद्यार्थियों को सावित्रीबाई फुले के कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों की विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम का परिचय प्रतिभा वानखेड़े ने दिया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने नाटक, कविता, गायन और भाषण के माध्यम से सावित्रीबाई फुले के जीवन कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों की सामूहिक संकल्प प्रतिज्ञा से हुआ।

## नंदोरी में आयोजित भव्य कबड्डी स्पर्धा में अतुल वांदिले की उपस्थिति

**हिंगनघाट.**

सार्वजनिक व्यायाम प्रसारक मंडल द्वारा नंदोरी में आयोजित भव्य कबड्डी स्पर्धा में वर्धा के सांसद अमर काले, राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले, तालुका अध्यक्ष महेश झोटिंग और भाजपा के संजय डेहने प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सांसद अमर काले ने कहा कि वर्तमान में मोबाइल और तकनीकी युग के कारण हम मैदानी खेलों से दूर होते जा रहे हैं, और यह हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

कबड्डी जैसे खेल युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं, और इससे न केवल खिलाड़ी का मनोबल बढ़ता है, बल्कि उनका शहर भी रोशन होता है।



प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले ने कहा कि सार्वजनिक व्यायाम प्रसारक मंडल ने कबड्डी स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों को एक नई और महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। इस पहल के लिए मंडल का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस के जिल्हा सरचिटणीस दशरथ ठाकरे, संतोष घोडे, डॉ. प्रविण खेडकर, गजानन सुमटकर, गजानन बोरेकर, सरपंच प्रविण जायदे, सुरेश अराडे, मंडल के अध्यक्ष अशोक सुमटकर, सचिव देवनाथ बोरुटकर, संजय पावडे, श्रावण रोहणकर, अरूण सावरकर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दारोडा गांव के आशुतोष ने पाई यूपीएससी में सफलता

**हिंगनघाट.**

तहसील के दारोडा गांव के आशुतोष कुंदाताई प्रकाश पाटील ने संघ लोकसेवा आयोग में 318 रैंक प्राप्त कर सहाय्यक आयुक्त के पद पर चयनित होने से वर्धा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। दारोडा में प्राथमिक शिक्षण लेने के बाद गरीबी की परिस्थितियों में पले-बढ़े आशुतोष का संघ लोकसेवा आयोग में चयन पूरे जिले और समाज के लिए गर्व की बात है। आशुतोष के पिता एक कंपनी में काम करते थे और मां घर पर काम करती थीं, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने बेटे को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया। आशुतोष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

## रवीन्द्र की आवाज ने समाज के दिलों में गहरी छाप छोड़ी : अग्निहोत्री



**वर्धा.**

जय महाकाली शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसाद अग्निहोत्री ने कहा कि सहज भावना रवींद्र साठे की आवाज की प्रभावशीलता, साहित्य की रचनात्मकता और प्रकृति की सादगी से उत्पन्न हुई थी, शनिवार 4 जनवरी 2025 शाम 7 बजे शिवशंकर में प्रसिद्ध गायक रवींद्र साठे का रवींद्र संगीत ऑडिटोरियम, अग्निहोत्री कॉलेज इस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में रवीन्द्र साठे ने अपने अनूठे गानों से कॉन्सर्ट करके शोभा बढ़ाई और उनके साथ शशिकांत बागडदे, अवंतिका ढूमने और ईशा रानडे जैसे गायकों ने कॉन्सर्ट में रंग भर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय महाकाली शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष पंडित शंकर प्रसादजी अग्निहोत्री ने की, जबकि शशिकांत बागडदे संयोजक और स्वाती बमनोटे, हितेश बमनोटे निर्माता थे और कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगत ने किया था। संगीत चारू साल्वे ने दिया था। इस कॉन्सर्ट का आनंद मृणालिनी बागडदे, रेखा राऊत, शीतल काकड़े, अनुश्री ढोले, नीलकांत देशमुख, अदिति देशमुख, रविकांत ढोबले, पिंटू जुमडे सहित कई प्रशंसकों ने लिया।

## गोंदिया एसटी डिपो को कब मिलेंगी नई बसें ?

**गोंदिया.**



एसटी बसों को यात्रा की दृष्टि से जिले की लाईफ लाईन कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योकि गोंदिया जिले के अनेक प्रमुख स्थान ऐसे है, जहां रेलवे की पहुंच नहीं है। ऐसे में सामान्य यात्रियों के लिए एसटी की बसे ही यात्रा का सबसे सस्ता और सुगम साधन है। राज्य परिवहन महामंडल के गोंदिया डिपो में फिलहाल 72 बसे उपलब्ध है, जिनमें से प्रतिदिन यात्रा के लिए 69 बसे उपलब्ध रहती है। तीन, चार बसे रिपेरिंग आदि के लिए हमेशा डिपो में खड़ी रहती है। गोंदिया डिपो से प्रतिदिन एसटी बसों की 320 के लगभग फेरियां होती है और 18 हजार से अधिक यात्री एसटी की बसों से सफर करते है।

लेकिन यहां उपलब्ध बसों की स्थिती अच्छी नहीं कहीं जा सकती। केवल वर्ष 2025 में ही लगभग 12 से 13 बसे कालबाह्य होकर यात्री सेवा से बाहर हो जाएगी। ऐसे में एसटी के गोंदिया डिपो के पास लगभग 56 बसे ही नियमित सेवा के लिए उपलब्ध रहेगी। गोंदिया डिपो को यात्री सेवा से प्रतिदिन 7 से 8 लाख रूपए की आय होती है। जिले में देवरी, सड़क अर्जुनी जैसे तहसील स्थानों पर भी रेलवे मार्ग नहीं होने के कारण इस ओर जाने वाले नागरिक एवं विद्यार्थी पुरी तरह एसटी बसों पर ही निर्भर रहते है। ऐसे में यदि यात्रियों की सेवा में अच्छी बसे उपलब्ध नहीं हुई तो उन्हे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गोंदिया डिपो की बसों की वर्तमान में स्थिती यह है कि आए दिन बसे कहीं भी रास्ते में खराबी के चलते रूक जाती है। जिसके बाद या तो यात्रियों को उस मार्ग से आने वाली दुसरी बसों से भेजा जाता है, या फिर उन्हे घंटों तक प्रतिक्षा करनी पड़ती है। वर्ष में दो से तीन करोड़ रूपए का राजस्व दिलाने वाले डिपो में बेहतर बसों की उपलब्धता कराने की मांग राज्य परिवहन महामंडल से नागरिकों ने की है। ताकि बस सेवा सुचारू होने के साथ-साथ सुरक्षित भी हो। अब देखना यह है कि महामंडल गोंदिया डिपो को नई बसे कब उपलब्ध कराता है।

## नीरज ने बढ़ाया गोंदिया का गौरव

**गोंदिया.**

भारतीय फिल्म एवं टेलिवीजन संस्थान पुणे (एफटीआईआई) और सत्यजीत रे फिल्म तथा टेलिवीजन संस्थान कोलकाता (एसआरएफटीआइ) द्वारा आयोजित एफटीआईआई-जेईटी 2024 की परीक्षा में गोंदिया के नीरज रमेश ब्राम्हणकर का चयन हुआ है। नीरज ने इस अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में चुने गए केवल 7 प्रतिभागीयों में अपनी जगह बनाकर गोंदिया का नाम गौरान्वित किया है। एफटीआईआई-जेईटी परीक्षा चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। जिसमें देशभर के उम्मीदवार भाग लेते है। इस परीक्षा को पास करना किसी भी छात्र के लिए बड़ी उपलब्धी है। नीरज का चयन सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलिवीजन संस्थान कोलकाता में राईटिंग फार्म इलेक्ट्रानिक एंड डिजीटल मीडिया कोर्स में हुआ है। नीरज ने अब तक दो अंग्रेजी पुस्तके भी प्रकाशित की है। उनका कहना है कि छोटे शहरों के लोग भी आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों का पिछा करें और अपने आत्म संदेह को खत्म कर दुनिया के सामने अपनी पहचान बना सकते है। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक, माता-पिता और अपने भाई डा. अनुप ब्राम्हणकर को दिया है।

## रेलवे में योजनाबद्ध तरीके से चल रहे सुरक्षा कार्य



**गोंदिया.**

रेल गाड़ियों का संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे मंडल द्वारा सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध रूप से व्यवधान मुक्त रेल सेवा प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे है। सभी सेक्शनों में गश्ती दलों द्वारा प्रतिदिन नियमानुसार पेट्रोलिंग का कार्य किया जा रहा है। रेल एवं वेल्ड फ्रेक्चर की घटनाएं न हो इसके लिए डीप स्क्रिनिंग के कार्य योजनाबद्ध तरीके से व्यापक स्तर पर कराए जा रहे है।

दपूमरे नागपुर मंडल द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान अप्रैल से दिसंबर 2024 तक रेलवे ट्रैक तथा समपारों का रखरखाव ट्रैक टेम्पिंग, रेल वेल्डींग में खराबी को दूर करने, खराब रेलवे स्लीपरों को बदलने, स्लीपरों के टुकडो को खंड से हटाने आदि कार्यों के अंतर्गत रेल और वेल्ड के 3255 ट्रैक किलोमीटर युएसएफडी द्वारा परीक्षण किया गया है। परीक्षण के दौरान पाए गए.

2334 नग रेल/वेल्ड दोषों को दूर किया गया है। बीसीएम मशीन द्वारा 46.18 किलोमीटर का गहरी स्क्रिनिंग की गई है। विभिन्न ट्रैक मशीनों द्वारा 1722 किलोमीटर प्लेन ट्रैक टेम्पिंग और 481 नग टर्न आऊट टेम्पिंग की गई है। क्रासिंग पोर्सन पर 130 नंबर गैपलेस ज्वाईंट्स किए गए। 70 समपार फाटकों की ओवर हॉलिंग तथा 18 ट्रैक किलोमीटर में 28635 स्लीपरों का नवीनीकरण, रेलवे पुल पर 4494 चैनल स्लीपर और 107 स्वीच का नवीनीकरण किया गया। इसके अलावा मंडल के सभी संबंधित विभागों द्वारा नियमित अभियान के तहत समपार फाटकों, रेल पुलों, रेल पथों, संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, लाईन्स, संबंध उपकरणों सिग्नल प्रणाली द्वारा संघन निरीक्षण एवं जांच कर आवश्यकता के अनुसार अनुरक्षण किया जा रहा है। जिससे रेल परिचालन निर्बाध और सुरक्षित रूप से चलता रहे।

## एनएचआईटी द्वारा वाहकों के लिए मार्गदर्शन

**हिंगनघाट.**

एनएचआईटी बोरखेडी वडनेर केळापूर प्रोजेक्ट द्वारा दारोडा टोल प्लाजा पर सेफ्टी महा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सेफ्टी मॅनेजर निखिल पांडा, अमित दास, और राजपाल सिंह सहित अन्य मान्यवरों ने ट्रक चालक, फोर व्हीलर और टू व्हीलर वाहन चालकों को सेफ्टी के बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान निखिल पांडा की अध्यक्षता में रोड पर चलने वाले सभी वाहनों के चालकों को गाड़ी चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई।

ट्रक चालकों को यह बताया गया कि यदि उन्हें रात में नींद आने लगे तो गाड़ी को साइड में लगाकर आराम



करना अनिवार्य है। इसके अलावा, यदि किसी दुर्घटना का सामना करना पड़े या गाड़ी खराब हो जाए, तो एन एच ए आय हेल्पलाइन 1033 नंबर पर कॉल करके मदद ली जा सकती है। कार्यक्रम में ट्रक चालकों को टायर प्रेशर के बारे में भी जानकारी दी गई। यह बताया गया कि गाड़ी चलाने के बाद कितने किलोमीटर पर टायर चेक करना चाहिए और उसका प्रेशर कितना होना चाहिए। साथ ही, इस अवसर पर जाम हायवे ट्रैफिक ठाणेदार सपाटे भी उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में ट्रक के पीछे रिफ्लेक्टर स्टिकर लगाए गए। इस कार्यक्रम की सफलता में सेफ्टी टीम और रूट पेट्रोलिंग टीम ने अहम भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम सभी वाहन चालकों के लिए बेहद उपयोगी और जागरूकता बढ़ाने वाला साबित हुआ।

## प्रदर्शनी में हजारों छात्र और नागरिक हुए शामिल



**वर्धा.**

जिला पुलिस बल द्वारा महाराष्ट्र पुलिस वर्षगांठ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दिनांक 06.01.2025 और 07.01.2025 को डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर चौक, वर्धा में एक भव्य पुलिस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त दो दिवसीय प्रदर्शनी में संपूर्ण वर्धा जिले के 52 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 7000/8000 विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने भाग लिया।

प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें साइबर जागरूकता, यातायात विनियमन, हथियार प्रदर्शनी, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड, महिला सुरक्षा, डायल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, नारकोटिक्स कंट्रोल और आपातकालीन पुलिस ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त, पुलिस की भूमिका जैसे दंगा नियंत्रण, बम निरोधक, पुलिस श्वान कार्य, वीआईपी व्यवस्था, क्यूआरटी और आरसीपी का प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

प्रदर्शनी का समापन विशेष पुलिस महानिरीक्षक, नागपुर परीक्षेत्र दिलीप पाटिल भुजबल, पुलिस अधीक्षक वर्धा अनुराग जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद वर्धा जितिन रहमान, वन संरक्षण पदाधिकारी मो. हरवीर सिंह, डिप्टी कलेक्टर वर्धा श्रीमती प्रियंका पवार और जिला शल्यचिकित्सक सुमंत वाघ की उपस्थिति में हुआ।

## वन विभाग को मिली सफलता, वाघ को जाल में फंसाया

**लाखांदूर.** जंगल क्षेत्र में शिकार न मिलने के कारण शिकारी की खोज में किटाली और गोंदी देवरी जंगल से एक पट्टेदार वाघ 8 जनवरी को सुबह करीब गांव के पास स्थित कई मार्ग पर एक नाले के पास पेड़ की झाड़ी में बैठा हुआ था। सड़क से गुजर रहे नागरिकों को वाघ का प्रत्यक्ष दर्शन हुआ।

जैसे ही इसकी जानकारी क्षेत्र में फैली, नागरिकों ने वाघ को देखने के लिए बड़ी भीड़ जमा कर ली। कुछ शरारती नागरिकों ने वाघ के पास 4-5 फीट की दूरी पर जाकर फोटो सेशन भी किया। बताया जाता है कि इस वाघ को भगाने के लिए कुछ लोगों ने गोटे मारने का प्रयास किया, जिससे वाघ ने नाराजगी दिखायी। यह वाघ पिछले कुछ दिनों से किटाली जंगल में था और नागरिकों को कई बार इसका प्रत्यक्ष दर्शन हुआ था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ था।

इससे पहले भी यह वाघ हरदोली गांव में एक पशु पर हमला कर के छह घंटे वहीं बैठा था। उस समय वनविभाग की टीम ने वाघ को जाल में फंसाने का प्रयास किया था, लेकिन वाघ गोंदी देवरी जंगल में शरण ले गया था। आज अचानक तई से वाकल सड़क पर नाले के पास यह वाघ नजर आया।

## चिचघाट सौर ऊर्जा से रोशन हुआ संपूर्ण गांव

**वर्धा.**

हिंगनघाट तहसील का चिचघाट (राठी) गांव अब सौर ऊर्जा से रोशन हो गया है। यह गांव प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत विदर्भ का पहला 100 प्रतिशत सौर गांव बन गया है। इस पहल को कार्यकारी अभियंता हेमंत पावड़े के मार्गदर्शन में और बिजली विभाग की मदद से लागू किया गया है। चिचघाट (राठी) गांव में 70 घर हैं,

और कुल आबादी 187 है। यह गांव एक औद्योगिक वसाहत के पास स्थित है। इस परियोजना के तहत, बैंक ऑफ बड़ौदा और बिजली विभाग ने मिलकर ग्रामीणों को सौर ऊर्जा के लाभों के बारे में जागरूक किया और



उन्हें इस दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रोजेक्ट को सरकारी बैंक से 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। इस गांव में कुल 70 घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाए गए हैं। इनमें से 28 घर पुराने खपरेल और टिन के बने हुए थे, जिनके लिए विद्युत विभाग को विशेष रूप से चुनौती का सामना करना पड़ा, ताकि इन घरों को भी सौर ऊर्जा से जोड़ा जा सके।

### इस परियोजना को तीन महीने के भीतर पूरा किया

इस परियोजना को तीन महीने के भीतर पूरा किया गया, और यह विदर्भ में सौर ऊर्जा के प्रचार-प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। इस सफलता ने हिंगनघाट सब-डिवीजन के बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित किया है, जिन्होंने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव रखी थी। अब चिचघाट (राठी) गांव विदर्भ का पहला 100 प्रतिशत सौर गांव बनकर सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगाता है।

## पंचायत समिति सभापति पद का आरक्षण तय होगा 10 को

**गोंदिया**

ग्राम विकास विभाग की अधिसूचना के अनुसार जिले की सभी 8 पंचायत समितियों के सभापति पद का आरक्षण निश्चित किया जाना है। इसके लिए शुक्रवार 10 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे गोंदिया जिलाधिकारी कार्यालय के नियोजन समिति सभागृह में जिलाधिकारी प्रजित नायर की अध्यक्षता में आरक्षण की लॉटरी निकाले जाने के लिए सभा का आयोजन किया गया है। इस सभा में गोंदिया जिले के नागरिकों से उपस्थित रहने का आव्हान जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा किया गया है।

# वन्य जीवन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान

**सौसर.**




मध्य प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के लिए जाना जाता है मध्य प्रदेश को देश के सर्वाधिक वन क्षेत्र और सर्वाधिक बाघ संख्या 526 बाघ वाला राज्य होने का गौरव भी प्राप्त हुआ है. देश में भावी पीढ़ी को वनों वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के महत्व और वनों के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेश शासन वन विभाग एवं मध्य प्रदेश एक पर्यटन बोर्ड का अभिनव प्रयास "अनुभूति कार्यक्रम" के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता अभियान को लक्ष्मीकांत वासनिक वनमण्डलाधिकारी दक्षिण छिंदवाड़ा वनमण्डल के मार्गदर्शन एवं प्रमोद चोपड़े उपवनमण्डलाधिकारी सौंसर के निर्देशन में एवं संदीप मोहोड़ जिला पंचायत सदस्य छिंदवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में, स्टाफ के सक्रिय सहभागिता से 8 को कैंप के माध्यम से वन परिक्षेत्र कन्हान सामान्य के अंतर्गत सारदोनी वन चौकी के परिसर में आयोजित किया गया। अनूभूति कार्यक्रम के इस कैंप में प्रेरक पवन भकने एवं शुभम चौहान द्वारा वन विभाग के द्वारा बनाए गए नेचुरल ट्रेक पर विद्यार्थियों को ले जाकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से चिन्हित छात्र-छात्राओं को यह एक दिवसीय अनुमति कैंप में प्रशिक्षित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को वन विभाग की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक स्तर, पर्यावरण का महत्व, जैव विविधता के तहत पारिस्थितिकी तंत्र, अनुवांशिकीय एवं प्रजातीय तंत्र, वनाग्नि एवं निर्वनीकरण के दूष्परिणाम, वन क्षेत्रों में प्रचूर मात्रा में पायी जाने वाली वनौषधियों, दीमक, मकड़ी एवं मधुमक्खी आदि जैसे छोटे मगर महत्वपूर्ण कीटों की पर्यावरण चक्र को बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका, ओज़ोन रिक्तीकरण,ग्रीनहाउस प्रभाव,ग्लोबल वार्मिंग,जलवायु परिवर्तन,जैव विविधता की हानि,प्रदूषण,अधिक जनसंख्या से वनों पर उत्पन्न दबाव,वन, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हमारा उत्तरदायित्व आदि विषयों "मैं भी बाघ" और "हम हैं बदलाव" थीम के माध्यम से रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गयी। समस्त छात्रों को वनाधिकारीयों के सानिध्य में प्रशिक्षित प्रेरकों के माध्यम से भावी पीढ़ी को प्रकृति का प्रत्यक्ष अनुभव कर कर बाघ के महत्व को समझाते हुए बाघ के जीवन से प्रेरणा लेकर एवं संवहनीय जीवन शैली अपनाकर वनों से जोड़ने और मिशन लाइफ के तहत "प्रो प्लेनेट पीपल" बनने का संदेश दिया गया।

अनूभूति कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पर्यावरण दर्शन हेतु नि:शुल्क आवागमन के साथ साथ अनूभूति पाठ्य पुस्तक, पेन, कैंप, नाश्ता, भोजन प्रदाय किया जाकर कार्यक्रम समापन से पूर्व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, बूझो तो जानें प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। उपरांत इस प्रशिक्षण कैम्प के प्रमुख अतिथि संदीप मोहोड़ जिला पंचायत सदस्य द्वारा पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर डा. मीना ठाकरे चिकित्सक शासकीय अस्पताल सौसर, विवेक गायकवाड़ अध्यक्ष यूवा मोर्चा , पत्रकार बाबा भायदे, प्रमोद चोपड़े उपवनमण्डलाधिकारी सौसर एवं दीपक तिरपूड़े वन परिक्षेत्र अधिकारी कन्हान सामान्य एवं अधिनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुखी जीवन की अपेक्षा आनंदमय जीवन अधिक बेहतर : गुर्वे

**सौसर.** 'जब जो जैसा हो, उसी में खुश रहने का नाम ही आनंद है'. सभी लोग सुखी रहना चाहते हैं, और सुख के अभाव में दुखी हो जाते किंतु आनन्दीत रहने वाला कभी दुखी नहीं हो सकता।अत सुखी जीवन की अपेक्षा आनंदमय जीवन जीना कई गुना अधिक बेहतर है। उक्ताशय के उद्गार तर्कशील विचार समिति के पीकेएस गुर्वे ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना के विशेष शिविर के बौद्धिक सत्र में व्यक्त किए। बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता दिनकर पातुरकर,बालक छात्रावास के अधीक्षक धुर्वे सर थे। अध्यक्षता ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भाउराव चौधरी ने की। कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत नाचनकर ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

बौद्धिक सत्र के पूर्व स्वयंसेवकों ने सुबह योगप्राणायाम के पश्चात श्रमदान कार्य के तहत ग्राम के वार्ड क्रमांक 3 में स्वच्छता अभियान चलाया एवं लोगों को स्वच्छता रखने हेतु जागरूक किया।






खवाजा गरीब नवाज उर्स के मौके पर टीपू सुल्तान चौक रिंग रोड पर नियाज और खीर का इंतजाम किया गया है. इस कार्यक्रम के आयोजक अफगान दरबार की जानिब से यह कार्यक्रम किया गया. इसमें उपस्थित महफूज अंसारी शेख रियाज सब्बू खान इकराम खान शेख अशफाक बाबू भाई राशिद भाई राजू टकला हबीब खान इरफान भाई सलीम भाई मिस्त्री रफीक भाई अब्दुल साजिद अधिक लोग उपस्थित थे.

# 3 मासूम बच्चियां जिंदा जलीं

**दमोह.** मध्य प्रदेश के दमोह जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर बरोदा गांव में एक झोपड़ी में आग लगने से तीन बच्चियों की जान चली गई। मृत बच्चियों में दो बहनें, 5 साल की जाह्नवी और 3 साल की कीर्ति शामिल हैं। तीसरी बच्ची, जो सिर्फ़ पांच महीने की थी उसने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



पुलिस के अनुसार गुरुवार को परिवार झोपड़ी के अंदर एक चूल्हे पर आलू उबाल रहा था, तभी झोपड़ी में आग लग गई। बच्चियों के पिता गोविंद आदिवासी झोपड़ी के पास ही काम कर रहे थे और उनकी पत्नी कुछ मिनट पहले ही किसी काम से बाहर गई थीं। बच्चियों की मां ने पुलिस को बताया, "मैं बस कुछ देर पहले ही किसी काम से बाहर गई थी और अपने पति से बात करने के लिए मुश्किल से 200 मीटर दूर थी। तभी अचानक झोपड़ी में आग लग गई।" माता-पिता दोनों दौड़कर मौके पर पहुंचे और अपनी बेटियों को बचाने की कोशिश करने लगे।

आग देखकर कुछ अन्य लोग भी दौड़े और आग बुझाने के लिए पानी डालने लगे, लेकिन आग तेज़ी से फैल गई और बच्चियां अंदर फंस गईं। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने 5 साल की जाह्नवी और 3 साल की कीर्ति के शव बरामद किए हैं। पांच महीने की बच्ची बेहोश हालत में मिली थी। उसे तुरंत दमोह के एक अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत के कारण, डॉक्टरों ने उसे बुधवार देर रात जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गुरुवार सुबह उसने भी दम तोड़ दिया।

बच्चियों के पिता गोविंद आदिवासी ने पुलिस को बताया कि आग लगने का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका मोबाइल फोन भी आग में जल गया है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 679-2 | 469-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 144-9 | 356-4 |
| प्रभात | 123-6 | 789-4 |
| प्रभात नाईट | 478-9 | - |
| डायमंड | 125-8 | 489-1 |
| मेन बाजार | 560-1 | |
| मिलन डे | 488-0 | 349-6 |
| मेन रतन | 124-7 | 580-3 |
| कल्याण | 449-7 | 128-1 |
| राजधानी डे | 257-4 | 588-1 |
| राजधानी नाईट | 280-0 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 145-0 | 367-6 |

